एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
NBCC (INDIA) LIMITED
(A Government of India Enterprise)

एन बी सी सी NBCC A Navratna CPSE

G20 भारत 2023 INDIA वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

An IS/ISO 9001:2015 Certified Company (For Providing Project Management Consultancy and Execution of the Projects)

Ref. No.: NBCC/BS/2025-26 August 29, 2025

| | |
|---|---|
| **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड**<br>**एक्सचेंज प्लाजा,**<br>**प्लॉट नंबर सी/1, जी ब्लॉक,**<br>**बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स**<br>**बांद्रा (ई)**<br>**मुंबई 400051**<br>**एनएसई प्रतीक: एनबीसीसी/EQ**<br>**National Stock Exchange of India Ltd.**<br>**Exchange Plaza,**<br>**Plot No C/1, G Block,**<br>**Bandra –Kurla Complex**<br>**Bandra (E), Mumbai-400051** | **बीएसई लिमिटेड**<br>**फिरोज जीजीभोय टॉवर,**<br>**दलाल स्ट्रीट,**<br>**मुंबई -400001**<br><br>**स्क्रिप कोड: 534309**<br><br>**BSE Ltd.**<br>**Phiroze Jeejeebhoy Tower,**<br>**Dalal Street,**<br>**Mumbai-400001** |

**Subject (विषय): Newspaper publication of Public Notice of NBCC's 65th Annual General Meeting and E-voting Information (एनबीसीसी की 65वीं वार्षिक आम बैठक की सार्वजनिक सूचना और ई-वोटिंग सूचना का समाचार पत्र प्रकाशन)**

Sir,

Copy of newspaper publication dated August 29, 2025, of Public Notice of NBCC's 65th Annual General Meeting to be held on Wednesday, September 24, 2025, at 12:00 noon through Video Conferencing (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM) and related e-voting information in the English and Hindi newspapers is enclosed herewith for your information and record.

The aforesaid information is also available on the website of the company at https://www.nbccindia.in/webEnglish/announcementNotices

**Thanking You**

**Yours sincerely,**
**For NBCC (India) Limited**

Deepti Gambhir

Digitally signed by Deepti Gambhir

**Deepti Gambhir**
**Company Secretary**
**F-4984**

ENCL: As Above

Financial Express
Page No - 10
29 August, 2025

# NBCC (INDIA) LIMITED

(A Government of India Enterprise)
(CIN: L74899DL1960GOI003335).
**Registered Office:** NBCC Bhawan, Lodhi Road, New Delhi-110003
**Tel:** 011-24367314-17, 43591555 (EPABX) **Fax:** 91-11-24366995
**Email:** co.sectt@nbccindia.com, **Website:** www.nbccindia.in

## NBCC's 65th Annual General Meeting and E-voting Information

Notice is hereby given that the NBCC's **65th Annual General Meeting (AGM) of the members would be held on Wednesday, September 24, 2025 at 12:00 Noon (IST) through Video Conferencing ("VC") / Other Audio Visual Means ("OAVM")**, in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules made thereunder read with MCA's circular dated September 19, 2024 to transact the businesses as set out in the notice of AGM.

Further, pursuant to the SEBI circular dated October 03, 2024, Notice of AGM along with Annual Report 2024-25 would be sent only through electronic mode to those members whose e-mail addresses are registered with Depositories/Registrar & Share Transfer Agent (RTA). The Notice of AGM would also be available on the Company's website at **www.nbccindia.in** and the website of the stock exchanges at **www.bseindia.com, www.nseindia.com.**

The Company is pleased to provide e-voting facility through National Securities Depository Limited (NSDL) to all the eligible shareholders i.e. whose names appear on the **cut-off Date i.e. Wednesday, September 17, 2025** as beneficial owners in the records of NSDL and CDSL in respect of dematerialized shares and whose names appear as Members in the Register of Members of the Company in case of physical shares.

The voting period shall begin on **Sunday, September 21, 2025 (from 9:00 a.m.) and end on Tuesday, September 23, 2025 (up to 5:00 p.m.).** Members holding shares in physical or who have not registered their emails with the Depositories/RTA may cast their votes through remote e-voting or through the e-voting system during the AGM. Members are requested to refer to the AGM Notice for detailed e-voting instructions.

Members who want to register or update their e-mail addresses are requested to register/update the same with their Depository Participant/RTA to receive all the communications electronically.

The Board of Directors has proposed a **final dividend of Rs. 0.14/- (14%)** per fully paid-up equity share with a face value of Rs. 1/- each for the financial year ended March 31, 2025. The record date for the final dividend is **Friday, August 29, 2025**. If approved at the upcoming AGM, the dividend will be paid within 30 days of its declaration.

The dividend will be distributed electronically. Members seeking direct credit (NACH) of the dividend to their bank account or wishing to update their address, bank account details, email address, or nominations are advised to submit their requests as described below.

- **For shares held in electronic form** - to their respective Depository Participant;
- **For shares held in physical form** – to the Registrar & Transfer Agents ("RTA") i.e. **Alankit Assignments Limited, 4E/2, Alankit House, Jhandewalan Extension, New Delhi-110055, Tel: 011-42541234, Email: rta@alankit.com**, in prescribed form ISR-1 and other relevant forms available at the Company's website i.e. **https://www.nbccindia.in/webEnglish/InvestorServiceRequest**

The Investor's Education and Protection Fund Authority (IEPFA) and the Ministry of Corporate Affairs (MCA), in a notice dated July 16, 2025, have asked companies to initiate a 100-day campaign titled "Saksham Niveshak" to create awareness among shareholders to update their KYC & other details and claim any unpaid or unclaimed dividends before they get transferred to the Investor Education and Protection Fund (IEPF).

Members are advised to update their PAN, nomination details, contact information (including postal address and mobile number), bank account details, and specimen signature with either the Company or its Registrar & Transfer Agent, Alankit Assignments Limited. Additionally, shareholders holding shares in physical form should note that, as per SEBI circular dated June 23, 2025, effective April 1, 2024, dividends will be paid only through electronic means and only after submitting or updating the necessary information with the Company's RTA.

Further, the Income Tax Act, 1961 ("the IT Act"), as amended by the Finance Act, 2020, mandates that dividends paid or distributed after April 01, 2020, shall be taxable in the hands of Shareholders. Therefore, the Company is required to deduct tax at source (TDS) at the time of payment of the dividend.

To claim exemption from deduction of tax at source, including deduction at concessional rates, shareholders are required to submit the requisite documents as prescribed under the Income Tax Act, 1961, and as mentioned in the Notice of 65th AGM at **dividend.tax@nbccindia.com only, on or before Tuesday, September 09, 2025.** No communication on tax determination/ deduction shall be entertained after September 09, 2025.

Members interested to be speaker shareholders at the AGM may send questions or register themselves as a speaker shareholder by sending a request from their registered email address mentioning their name, DP ID and Client ID/folio number and mobile number to **investor.agm@nbccindia.com, not later than 5:00 p.m., Wednesday, September 17, 2025.** The Company reserves the right to limit the number of shareholder speakers asking questions, depending on the time available at the AGM.

As per the SEBI (LODR) Regulations, 2015, securities of listed companies can only be transferred in demat form. Accordingly, Members are advised to dematerialize the shares held in physical form.

**For NBCC (India) Limited**
Sd/-
**Deepti Gambhir**
**Company Secretary & Compliance Officer**
F-4984

**Date: August 29, 2025**
**Place: New Delhi**

NBCC

# एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)
(सी.आई.एन. L74899DL1960GOI003335)
पंजीकृत कार्यालय: एनबीसीसी भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
दूरभाष: 011-24367314-17, 43591555 (ई.पी.ए.बी.एक्स) फैक्स: 91-11-24366995
ई-मेल: co.sect@nbccindia.com, वेबसाइट: www.nbccindia.in

## एनबीसीसी की 65वीं वार्षिक आम बैठक और ई-वोटिंग सूचना

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि 65वीं वार्षिक आम बैठक का संचालन करने के लिए दिनांक 19 सितंबर, 2024 के एम.सी.ए. परिपत्र के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुपालन में एनबीसीसी के सदस्यों की **65वीं वार्षिक आम बैठक (ए.जी.एम.) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वी.सी.") / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("ओ.ए.वी.एम.") के माध्यम से बुधवार, 24 सितंबर, 2025 को अपराह्न 12:00 बजे (भारतीय मानक समय)** आयोजित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 के सेबी परिपत्र के अनुसरण में, वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के साथ ए.जी.एम. की सूचना उन सदस्यों को केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते डिपॉजिटरी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आर.टी.ए.) के साथ पंजीकृत हैं। ए.जी.एम. की सूचना कंपनी की वेबसाइट **www.nbccindia.in** और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट **www.bseindia.com, www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध होगी।

कंपनी, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एन.एस.डी.एल.) के माध्यम से सभी पात्र शेयरधारकों अर्थात उन सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है, जिनके नाम डिमटिरियलाइज्ड शेयरों के संबंध में एन.एस.डी.एल. और सी.डी.एस.एल. के रिकॉर्ड में **अंतिम तिथि अर्थात बुधवार, 17 सितंबर, 2025** को लाभार्थी स्वामियों के रूप में प्रकट होते हैं और भौतिक शेयरों के मामले में जिनके नाम कंपनी के रजिस्टर ऑफ मेम्बर्स में सदस्यों के रूप में दर्ज होंगे।

वोटिंग की अवधि **रविवार, 21 सितंबर, 2025 (प्रातः 9:00 बजे से) शुरू होगी और मंगलवार, 23 सितंबर, 2025 (शाम 5:00 बजे तक) को समाप्त होगी।** भौतिक रूप से शेयर धारण करने वाले सदस्य अथवा जिन्होंने डिपॉजिटरी/आर.टी.ए. के साथ अपना ईमेल पंजीकृत नहीं किया है, वे ए.जी.एम. के दौरान रिमोट ई-वोटिंग अथवा ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि वे विस्तृत ई-वोटिंग अनुदेशों हेतु ए.जी.एम. सूचना का संदर्भ लें।

वे सदस्य जो अपना ई-मेल पता पंजीकृत अथवा अद्यतन करना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी/आर.टी.ए. के पास इसे पंजीकृत/अद्यतित कराएं, ताकि सभी पत्राचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त हो सकें।

निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए रुपए 1/- अंकित मूल्य वाले प्रत्येक पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर पर **रुपए 0.14/- (14%) का अंतिम लाभांश** प्रस्तावित किया है। अंतिम लाभांश की रिकॉर्ड तिथि **शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025 है।** यदि आगामी ए.जी.एम. में इसे अनुमोदित कर दिया जाता है तो लाभांश का भुगतान इसकी घोषणा के 30 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा।

लाभांश का वितरण इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा। वे सदस्य जो लाभांश को अपने बैंक खाते में प्रत्यक्ष रूप से जमा (एन.ए.सी.एच.) कराना चाहते हैं अथवा अपना पता, बैंक खाता विवरण, ईमेल पता अथवा नामांकन अद्यतन कराना चाहते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे नीचे उल्लिखित अनुसार अपना अनुरोध प्रस्तुत करें।

- **इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के लिए** – अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी को;
- **भौतिक रूप में धारित शेयरों के लिए** – रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों ("आर.टी.ए.") अर्थात **अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, 4ई/2, अलंकित हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055, दूरभाष: 011-42541234, ई-मेल: rta@alankit.com** को, कंपनी की वेबसाइट अर्थात **https://www.nbccindia.in/webEnglish/InvestorServiceRequest** पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र आई.एस.आर.-1 और अन्य संगत प्रपत्र में।

विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आई.ई.पी.एफ.ए.) और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एम.सी.ए.) ने दिनांक 16 जुलाई, 2025 के एक नोटिस में कंपनियों से "सक्षम निवेशक" नामक 100-दिवसीय अभियान आरंभ करने हेतु सूचित किया है ताकि शेयरधारकों को अपने केवाईसी और अन्य विवरणों को अद्यतन करने तथा विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आई.ई.पी.एफ.) में अंतरित होने से पहले किसी भी अप्रदत्त अथवा अदावी लाभांश का दावा करने हेतु जागरूक किया जा सके।

सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे कंपनी अथवा उसके रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड के साथ अपना पी.ए.एन., नामांकन विवरण, संपर्क जानकारी (डाक पता और मोबाइल नंबर सहित), बैंक खाता विवरण और नमूना हस्ताक्षर अद्यतन करें। इसके अतिरिक्त, भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों को ध्यान देना चाहिए कि दिनांक 23 जून, 2025 के सेबी परिपत्र के अनुसार, 1 अप्रैल, 2024 से लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से एवं कंपनी के आर.टी.ए. के पास आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने अथवा अद्यतन करने के बाद ही किया जाएगा।

इसके साथ ही वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा यथासंशोधित आयकर अधिनियम, 1961, ("आई.टी. अधिनियम") यह अधिदेशित करता है कि 01 अप्रैल, 2020 के बाद किसी भुगतान या वितरित किया गया लाभांश शेयरधारकों के लिए कर योग्य होगा। इसलिए कंपनी को लाभांश का भुगतान करते समय स्रोत पर कर कटौती (टी.डी.एस.) करनी आवश्यक है।

रियायती दरों पर कटौती सहित स्रोत पर कर कटौती से छूट का दावा करने के लिए शेयरधारकों को आयकर अधिनियम, 1961 के तहत निर्धारित और 65वीं ए.जी.एम. की सूचना में उल्लिखित अनुसार **मंगलवार 09 सितंबर, 2025 को अथवा उससे पूर्व** अपेक्षित दस्तावेज केवल <u>**dividend.tax@nbccindia.com**</u> पर जमा करने होंगे। 09 सितंबर, 2025 के बाद कर निर्धारण/कटौती पर किसी भी तरह के पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

ए.जी.एम. में स्पीकर शेयरधारक बनने के इच्छुक सदस्य, **बुधवार, 17 सितंबर, 2025 को सायं 5:00 बजे तक** <u>**investor.agm@nbccindia.com**</u> पर अपना नाम, डी.पी. आई.डी. और क्लाइंट आई.डी./फोलियो संख्या और मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए अपने पंजीकृत ई-मेल पते से अनुरोध भेजकर अपने प्रश्न प्रेषित कर सकते हैं अथवा स्पीकर शेयरधारक के रूप में स्वयं को पंजीकृत करा सकते हैं। कंपनी के पास ए.जी.एम. में उपलब्ध समय के आधार पर प्रश्न पूछने वाले स्पीकर शेयरधारकों की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है।

सेबी (एल.ओ.डी.आर.) विनियम, 2015 के अनुसार, सूचीबद्ध कंपनियों की प्रतिभूतियों को केवल डीमैट रूप में ही अंतरित किया जा सकता है। तदनुसार, सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे भौतिक रूप में धारित शेयरों को डिमटेरियलाइज्ड कर लें।

**कृते एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड**
हस्ता/-
**दीप्ति गंभीर**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**
एफ-4984

**दिनांक: 29 अगस्त, 2025**
**स्थान: नई दिल्ली**

